केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय,भारत सरकार के अधीन)
(Under Ministry of HRD, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office
सेक्टर ,जे, अलीगंज / Sector – J, Aliganj
लखनऊ / Lucknow- 226 024
☎DC: 0522-2745386, AC: 0522-2745925
EPABX: 0522-2745535 Fax: 0522-2745536
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/
E-mail add.:dcrolucknow@gmail.com
Acrolucknow3@gmail.com

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

पत्रांक फा० 26346(M)/2019-20/ के०वि०सं० क्षे०का० लखनऊ/ दिनांक – 18-03-2020

(त्वरित डाक / दस्ती / ईमेल द्वारा)

प्राचार्य
समस्त केन्द्रीय विद्यालय
सम्बद्ध केन्द्रीय विद्यालय संगठन
लखनऊ संभाग

विषय :- **कक्षा III से IX एवं XI की शेष सत्रांत परीक्षाओं को स्थगित किये जाने विषयक |**

महोदया / महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) के बढ़ते दुष्प्रभाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ संबंधी हितों के दृष्टिगत एवं **मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन** के पत्रांक 581/पाँच-5-2020 दिनांक :- 17-03-2020 एवं **अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन** के पत्रांक 229 (1)/68-5-2020 दिनांक :- 17-03-2020 के आलोक में निम्नलिखित निर्देश अनुपालनार्थ नोट करें :-

1. **कक्षा III से IX एवं XI कि शेष परीक्षाएँ तत्काल प्रभाव से दिनांक 02-04-2020 (गुरुवार) तक स्थगित की जाती है | परीक्षा की नई तिथियाँ यथा समय सूचित की जाएगी |**
2. **परीक्षा परिणाम घोषणा की संशोधित तिथि के विषय में यथा समय सूचना प्रेषित की जाएगी |**

नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) के रोकथाम एवं बचाव हेतु समय समय पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु०), नई दिल्ली, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं इस कार्यालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पूर्णतः पालन करें एवं समाज में इससे बचाव हेतु जागरूकता लाने संबंधी अपने दायित्वों का भी निर्वहन करें |

अतः उपर्युक्त सूचना से आप सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को अवगत कराना सुनिश्चित करें |

हमें विश्वास है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वास्थ विभाग व अन्य केंद्र / राज्य सरकार द्वारा जारी किये जा रहे बचाव / सावधानियों का स्वयं पालन करते हुए अपने सभी विद्यार्थी, सहकर्मी, अभिभावक व समाज के अन्य सभी को सचेष्ट करें क्योंकि हमें यह समझना होगा कि बचाव एवं सावधानी ही एकमात्र विकल्प है |

आप सभी साथियों व परिवारजनों के स्वस्थ व मंगलमय जीवन की शुभकामनाओं सहित |

भवदीय

18/3/2020

(देवेन्द्र कुमार द्विवेदी)
उपायुक्त

प्रतिलिपि :-

1. उपायुक्त (शैक्षिक), केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु०), नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ |
2. समस्त सहायक आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु |

18/3/2020

उपायुक्त

प्रिंस कुमार सिंह